मेडिकल कालेज के छात्र की संदिग्ध दशा में मौत, हास्टल के पास मिला शव

पुलिस और फोरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य

प्रतापगढ़। मेडिकल कालेज में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब हास्टल के पास मेडिकल छात्र मिथिलेश कुमार अचेत अवस्था में मिला। उसे तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। छात्र की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत की वजह जानने के लिए पुलिस जांच कर रही है। बलिया जनपद निवासी २७ वर्षीय मिथिलेश कुमार ने वर्ष २०२४ में मेडिकल कालेज में प्रवेश लिया था। वह प्रथम वर्ष का छात्र था। रविवार सुबह करीब आठ बजे हास्टल के पास उसके अचेत अवस्था में मिलने की सूचना से कालेज परिसर में अफरा-तफरी मच गयी। मौके पर छात्र-छात्राओं की भीड़ जुट गयी। कालेज प्रशासन ने उसे तत्काल अस्पताल



हत मिथिलेश कुमार की फाइल फोटो।

पहुंचाया, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलने पर कोतवाली नगर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस छात्र की मौत के कारणों का पता लगाने के लिए विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है।

मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य डा. देवजीत शर्मा ने बताया कि मिथिलेश सुबह हास्टल के पास अचेत अवस्था में मिला था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। छात्र के परिवार को घटना की जानकारी दे दी गयी है। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी आलोक कुमार ने बताया कि पुलिस को सुबह करीब आठ बजे छात्र का शव मिलने की सूचना मिली थी। मृतक की पहचान बलिया निवासी मिथिलेश कुमार के रूप में हुई है। प्राप्त तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कारर्वाई की जा रही है।



लालगंज बाजार में जाम में फंसे वाहन।

पीईटी परीक्षा के चलते बाजार में लगा जाम, हलाकान हुए राहगीर

लालगंज, प्रतापगढ़। रविवार को पीईटी परीक्षा को लेकर स्थानीय बाजार में भीड़ के चलते घंटो जाम को लेकर हलाकान दिखे।

विद्यालयों के गेट पर भी परीक्षार्थियों और अभिवावकों का सुबह से ही भारी जमावड़ा देखा गया। पुलिस प्रशासन परीक्षा केन्द्रों पर शांति व्यवस्था के लिए मुस्तैद दिखा। परीक्षा को लेकर चौक से लेकर स्टेट बैंक तक रायबरेली प्रतापगढ़ नेशनल हाईवे पर वाहनों का लम्बा जाम देखा गया। इसके चलते राहगीरों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। बाजार में पिकेट पुलिस भी जाम को लेकर मशक्कत में दिखी।

वहीं पीईटी परीक्षा को लेकर एसडीएम वाचस्पति सिंह तथा सीओ राजीव द्विवेदी भी प्रशासनिक प्रबन्धों को लेकर मुस्तैद दिखे। शाम को परीक्षा सकुशल सम्पन्न होने के बाद यातायात सामान्य हो सका।

खौलते तेल की कड़ाही में गिरकर शिक्षामित्र झुलसा, हालत गंभीर

भंडारे में रंजिश को लेकर मारपीट, पुलिस दो लोगों को पकड़कर थाने ले गयी

प्रतापगढ़। अंतू थाना क्षेत्र के नरी गांव में शनिवार शाम रंजिश के चलते हुए विवाद में एक शिक्षामित्र खौलते तेल की कड़ाही में गिरकर गंभीर रूप से झुलस गया। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संडवा चंडिका में भर्ती कराया गया। पुलिस दो लोगों को पकड़कर थाने ले गयी।

नरी गांव निवासी अजय सिंह शिक्षामित्र हैं। बताया गया कि उनकी परिवार के कुछ लोगों से रंजिश चल रही है। शनिवार को कंबाइन मशीन से धान की मड़ाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। हालांकि, उस समय लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत करा दिया। शाम को गांव में आयोजित सामूहिक भंडारे में दोनों पक्षों के लोग शामिल होने पहुंचे। वहां आमना-सामना होने पर फिर विवाद शुरू हो गया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट होने लगी। आरोप है कि इसी दौरान धक्का लगने से अजय सिंह खौलते तेल की कड़ाही में गिर पड़े, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। एसओ अभिषेक सिंह सिरोही ने बताया कि आपसी विवाद में मारपीट हुई है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कारर्वाई की जाएगी।

लोनिवि कर्मी के बंद मकान से दिनदहाड़े लाखों की चोरी

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली के रूपापुर निवासी प्रशांत राज गौड़ लोग निर्माण विभाग में कर्मचारी हैं। वह २१ अक्तूबर की सुबह घर में ताला बंद कर कार्यालय आये थे। शाम को वापस लौटे तो देखा घर का दरवाजा टूटा था। अंदर सभी कमरे का ताला तोड़कर चोर कीमती सामान समेट ले गये थे। चोर ५० हजार रुपये नकद के साथ ही पांच लाख से अधिक के जेवर भी ले गये थे। पीड़ित ने मामले में केस दर्ज कराया है।

महिला को पेड़ से बांधकर पीटा वीडियो वायरल होने पर मुकदमा

गाय खोज रही महिला को चोर बताकर की गयी मारपीट, चार नामजद

प्रतापगढ़। बाघराय थाना क्षेत्र के धनवासा गांव में गाय खोज रही महिला को चोर बताकर पेड़ से बांधकर पीटने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार धनवासा गांव निवासी कालीचरन की गाय २२ अक्तूबर की सुबह करीब पांच बजे लापता हो गयी थी। उनकी पत्नी संगीता देवी गाय की तलाश में गांव में निकली थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव के धीरेन्द्र यादव ने अपने साथियों के साथ मिलकर उन्हें चोर कहकर पीटना शुरू कर दिया। बाद में महिला को पेड़ से बांधकर भी पीटा गया। गांव के कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर महिला को बचाया।

घटना के बाद दो दिनों तक दोनों पक्षों के बीच सुलह-समझौते की बातचीत चलती रही। इसी बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। शनिवार देर शाम संगीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने धीरेन्द्र यादव, जितेन्द्र, मुकेश सहित कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। एसओ श्रवण कुमार ने बताया कि किसी को चोर बताकर पीटना गलत है। ऐसी स्थिति में पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी। आरोपितों के खिलाफ कड़ी कारर्वाई की जाएगी।

मऊ गांव में एक ही रात तीन भाइयों के घर लाखों की चोरी



मऊ में चोरी के बाद तोड़ी गयी आलमारी का बिखरा सामान।

सूने मकानों को बनाया निशाना

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। रानीगंज थाना क्षेत्र के मऊ गांव में शनिवार रात चोरों ने तीन सगे भाइयों के सूने मकानों को निशाना बनाया। चोर छत के रास्ते घरों में घुसे और कमरों के ताले तोड़कर सोने-चांदी के जेवरात व नकदी सहित करीब ३० लाख रुपये का सामान समेट ले गये। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

गांव निवासी पूर्व प्रधान श्याम शंकर तिवारी परिवार के साथ मुंबई में रहते हैं। उनके भाई शिव शंकर तिवारी वाराणसी और विजय शंकर तिवारी लखनऊ में परिवार के साथ रहते हैं। तीनों भाइयों के मकान सूने थे। आरोप है कि चोर पीछे की दीवार के सहारे छत पर चढ़े और सीढ़ियों से आंगन में पहुंच गये। इसके बाद तीन कमरों के ताले तोड़कर बक्सों, पेटियों, अटैचियों और अलमारियों में रखे हार, झुमके, कंगन, मंगलसूत्र, चेन, अंगूठियां, पायल और नकदी चोरी कर ली। रविवार सुबह विजय शंकर तिवारी की पत्नी गांव पहुंचीं। मकान खोलकर अंदर जाने पर टूटे ताले और बिखरा सामान देखकर वह दंग रह गईं। शोर मचाने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी। सूचना पर जामताली चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर जांच शुरू कर दी।

धान बटोर रही किशोरी को सर्प ने डसा अस्पताल में भर्ती

पट्टी, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के सगरा गांव में रविवार दोपहर घर के सामने धान बटोर रही १० वर्षीय किशोरी को सांप ने डस लिया। घटना के बाद परिजनों में अफरा-तफरी मच गयी। परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, सगरा गांव निवासी सुनील की पुत्री पलक रविवार दोपहर करीब १.३० बजे घर के सामने फैलाए गये धान को बटोर रही थी। इसी दौरान अचानक सांप ने उसके पैर में काट लिया।

किशोरी के चीखने और घटना की जानकारी मिलने पर परिजन घबरा गये। वे आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लेकर पहुंचे। अस्पताल की इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक डा. नीरज सिंह ने बताया कि किशोरी के पैर में सांप ने डसा है। उसे अस्पताल में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना के बाद से परिजन किशोरी की सेहत को लेकर चिंतित हैं।

राम-भरत मिलाप देख छलके श्रद्धालुओं के आंसू, जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजा कस्बा

कटरा मेदनीगंज में भव्य झांकियों ने मोहा मन

कटरामेदनीगंज, प्रतापगढ़। धर्मनगरी कटरा मेदनीगंज में विजयादशमी के अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक भरत मिलाप शनिवार रात से रविवार सुबह तक धूमधाम से संपन्न हुआ। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और आकर्षक रोशनी के बीच निकली दर्जनभर से अधिक झांकियों को देखने के लिए तमाम श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। पूरा कस्बा जय श्रीराम के उद्घोष से गूंजता रहा।

रात करीब १० बजे भरत दल की शोभायात्रा निकली। हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे और भव्य सजावट से सजी झांकियां खजोहरी और अवनपुर होते हुए कटरा चौराहे पहुंचीं। इसके बाद मां प्रताप वासिनी शीतला माता मंदिर में दर्शन कर झांकियां कस्बे की गलियों से होते हुए रविवार सुबह करीब चार बजे प्राचीन शिव मंदिर पहुंचीं। यहां भगवान श्रीराम और भरत के मिलन का भावुक दृश्य देखकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भरत ने प्रभु श्रीराम को देखते ही दौड़कर उन्हें गले लगा लिया। भाइयों के प्रेम और त्याग का यह दृश्य श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। बजरंग दल की झांकी पहुंचने पर हनुमान जी के जयकारों से परिसर गूंज उठा। नगर पंचायत अध्यक्ष सीता देवी ने चारों भाइयों की आरती उतारकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। रामलीला समिति अध्यक्ष महेंद्र कुमार कसेरा की देखरेख में आयोजन संपन्न हुआ। इस दौरान अनुराग अग्रवाल, बादल कसेरा, विशाल सोनी, संतोष कुमार केसरवानी, शैलेंद्र मौर्य सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से आयोजन शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।



कटरामेदनीगंज में भरत मिलाप में गले मिलते श्रीराम सहित चारों भाई।

बिहारगंज बाजार में बवाल, दो युवकों को पीटा, तीन बाइक तोड़ीं

बाइक से पहुंचे १०-११ लोगों ने किया हमला, बाजार के लोगों ने दौड़ाया

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के बिहारगंज बाजार में रविवार दोपहर मारपीट से अफरातफरी मच गयी। चार-पांच बाइक से पहुंचे १०-११ लोगों ने दो युवकों की पिटाई शुरू कर दी। यह देख बाजार के लोग एकजुट हो गये और हमलावरों को दौड़ा लिया। इस दौरान हमलावरों की तीन बाइक बाजार में छूट गईं, जिन्हें लोगों ने तोड़ दिया। घटना में मो. कैफ के सिर में चोट लग गयी।

भोजपुर निवासी अंकित सिंह रविवार दोपहर अपने दोस्त नीरज के साथ बिहारगंज बाजार आया था। दोनों आपस में बातचीत कर रहे थे। तभी बाइक से पहुंचे लोगों ने उन पर हमला कर दिया। मारपीट होते देख बाजार के लोग विरोध में उतर आए। भीड़ को अपनी ओर आता देख हमलावर भागने लगे। उनकी तीन बाइक मौके पर छूट गईं। घटना के बाद बाजार में अफरातफरी मच गयी। कुछ दुकानदारों ने डर के कारण दुकानें बंद कर दीं। सूचना पर चिलबिला चौकी इंचार्ज रोहित सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे, लेकिन तब तक हमलावर भाग चुके थे। अंकित सिंह ने नगर कोतवाली में तहरीर दी है।

शहर कोतवाल सुभाष यादव का कहना है कि दो पक्षों में आपसी विवाद को लेकर मारपीट हुई है। मौके से मिली बाइक कब्जे में लेकर मामले में कारर्वाई की जा रही है।

शरद पूर्णिमा पर गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कालाकांकर और नवाबगंज घाट पर भोर से ही स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु

परियावां, प्रतापगढ़। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर रविवार को कालाकांकर और नवाबगंज स्थित गंगा घाटों पर स्नानार्थियों की भारी भीड़ उमड़ी। भोर से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचने लगे। श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर पुण्य लाभ की कामना की।



कालाकांकर घाट पर स्नान करते श्रद्धालु।

गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा का विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। धूप, दीप, नैवेद्य, फल और फूल अर्पित कर आरती उतारी। इसके साथ ही परिवार की सुख-समृद्धि, खुशहाली और मंगलकामना के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर अन्नदान, वस्त्रदान और दान-दक्षिणा की परंपरा भी निभाई गयी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार शरद पूर्णिमा पर गंगा स्नान और दान-पुण्य करने से पापों का क्षय होता है तथा सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा घाटों पर पहुंचे। घाटों पर दिनभर धार्मिक उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा के दर्शन-पूजन के साथ परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

अपहरण के मुकदमे में वांछित आरोपित गिरफ्तार


बाबागंज, प्रतापगढ़। अपहरण के मुकदमे में वांछित नामजद आरोपित को कुंडा पुलिस ने रविवार रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कस्बे के मेन चौराहे के पास से उसे पकड़ा। पुलिस के अनुसार, काजीपुर महाराजगंज निवासी मनीष पटेल (२२) पुत्र संजय पटेल के खिलाफ कुंडा थाने में मुकदमा दर्ज है। वह मामले में वांछित था। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कारर्वाई की गयी। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक चरन सिंह, हेड कांस्टेबल रमेश कुमार और आरक्षी फजलुद्दीन शामिल रहे।

भरत मिलाप में तेज आवाज में डीजे बजाना पड़ा महंगा, तीन डीजे सीज

अंतू बाजार में हुड़दंग और विवाद करने के मामले में चार लोग गिरफ्तार

प्रतापगढ़। अंतू बाजार में भरत मिलाप कार्यक्रम के बाद तेज आवाज में डीजे बजाकर हुड़दंग करने और शांति व्यवस्था प्रभावित करने के मामले में पुलिस ने तीन डीजे सीज कर चार लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर निरोधात्मक कारर्वाई की गयी है।

पुलिस के अनुसार, २४ अक्तूबर की रात भरत मिलाप की झांकियों के साथ आये तीन डीजे ट्रैक्टर-ट्रालियों के चालक और संचालक सतीगंज तिराहे के पास आमने-सामने आकर तेज आवाज में डीजे बजाने लगे। डीजे की ऊंचाई अधिक होने से वे हाईटेंशन



अन्तू पुलिस की गिरफ्त में सीज डीजे।

विद्युत तारों को छू रहे थे। इससे हादसे की आशंका के साथ सड़क पर आवागमन भी प्रभावित हो रहा था। पुलिस ने डीजे को तारों से अलग कराया, लेकिन संबंधित लोग आपस में विवाद करने लगे। इस मामले में थाना अंतू में मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने अमेठी निवासी अतुल कनौजिया, रामजी तथा प्रतापगढ़ निवासी शिवाकांत ध्रुववंशी और श्याम सुंदर को गिरफ्तार कर तीनों डीजे सीज कर दिये।

पीईटी परीक्षा में २६.१९ फीसदी अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा

दोनों पालियों में १७,४२४ के सापेक्ष १२,८६० अभ्यर्थी हुए शामिल

प्रतापगढ़। बेल्हा में रविवार को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) नगर के जीआईसी, केपी हिंदू इंटर कालेज, जीजीआईसी सहित २१ केंद्रों पर संपन्न हुई। दोनों पालियों में कुल १७,४२४ अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इनमें १२,८६० ने परीक्षा दी, जबकि ४,५६४ अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इस तरह २६.१९ फीसदी अभ्यर्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही अभ्यर्थियों की भीड़ जुटने लगी थी। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की सघन तलाशी ली गयी। पहली पाली की परीक्षा सुबह ९.३० से ११.३० बजे तक आयोजित हुई, जबकि दूसरी पाली दोपहर २.३० से शाम ४.३० बजे तक चली। जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय और पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने परीक्षा को शांतिपूर्ण और नकलविहीन संपन्न कराने के लिए की गयी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। परीक्षा के दौरान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिसकर्मी तैनात रहे। प्रशासन की निगरानी में परीक्षा संपन्न हुई।

उल्टी-दस्त से बिगड़ी ब्लाक प्रमुख की बेटी की हालत, मौत

जनप्रतिनिधियों ने घर पहुंचकर जताया शोक

बाबागंज, प्रतापगढ़। महेशगंज थाना क्षेत्र के प्रीतमपुर गांव निवासी बाबागंज ब्लाक प्रमुख मालती सरोज की १४ वर्षीय बेटी की उल्टी-दस्त से तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गयी। शनिवार देर रात हुई घटना से परिवार में कोहराम मच गया। किशोरी की मौत की खबर से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

जानकारी के अनुसार, ब्लाक प्रमुख मालती सरोज के पति रामजस सरोज की बेटी आरती उर्फ किरन हरिराज इंटर कालेज पूरे झाऊ में कक्षा छह की छात्रा थी। शनिवार देर रात करीब डेढ़ बजे अचानक उसे उल्टी-दस्त होने लगे। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे हीरागंज स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गये। वहां से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा रेफर कर दिया गया। सीएचसी पहुंचने पर चिकित्सकों ने किशोरी को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव लेकर घर चले गये। बेटी की असामयिक मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। घटना की जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय लोग शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे। बाबागंज विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के प्रदेश अध्यक्ष विनोद कुमार सरोज, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेल, पूर्व ब्लाक प्रमुख हितेश प्रताप सिंह, पंकज सिंह, बिहार ब्लाक प्रमुख रामचंद्र सरोज और रायगढ़ के पूर्व प्रधान मुन्नू सिंह सहित कई लोगों ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर दुख जताया और परिजनों को ढांढस बंधाया।

सुवंशा बाजार का भरत मिलाप मेला सकुशल संपन्न, आकर्षक चौकियों ने मोहा मन

सुवंशा, प्रतापगढ़। नगर पंचायत सुवंशा बाजार का ऐतिहासिक भरत मिलाप मेला सकुशल संपन्न हुआ। मेले को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए मेला संगठन की ओर से विशेष प्रयास किये गये। शाम होते ही दर्शकों की भीड़ जुटने लगी, जो रात में और बढ़ गयी। मेले में निकाली गयी चार कलात्मक चौकियों ने लोगों का मन मोह लिया। मेले का शुभारंभ पूर्व विधायक अभय कुमार उर्फ धीरज ओझा ने किया। विभिन्न दलों के लिए मंच तैयार किये गये थे। मेले में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। एएसपी प्रशांत राज हुड्डा, उप जिलाधिकारी रानीगंज अनुराग सिंह और तहसीलदार अंकित सिंह ने मेले का जायजा लिया। थाना फतनपुर प्रभारी मनोज तोमर और सुवंशा चौकी प्रभारी शिशिर पटेल पुलिस बल के साथ मुस्तैद रहे। मेले की व्यवस्था में नगर पंचायत अध्यक्ष वेद प्रकाश बिंद, अशोक कुमार जायसवाल, दुर्गा प्रसाद तिवारी, विजय कुमार शुक्ल, सभासद राकेश कुमार बिंद, राधेश्याम चौरसिया, शिव कुमार सोनी, सभासद रवींद्र तिवारी, राकेश कुमार मिश्र और हनुमान शरण उर्फ गप्पू सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

दुर्गा पूजा और दशहरा सकुशल संपन्न होने पर पुलिसकर्मी सम्मानित

व्यापार मंडल ने की पुलिस कर्मियों की सराहना

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। कंधई क्षेत्र के रखहा बाजार में दुर्गा पूजा और दशहरा मेला शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न होने पर व्यापार मंडल ने पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया।

व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सहूलियत देने के लिए पुलिस प्रशासन की सराहना की। रखहा बाजार में दुर्गा पूजा का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। इस दौरान पुलिसकर्मियों ने सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए मेले को सकुशल संपन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश उमरवैश्य ने रखहा चौकी इंचार्ज सुरेश यादव सहित चौकी के अन्य पुलिसकर्मियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने पुलिस प्रशासन के सहयोग की सराहना की।

इस अवसर पर ओम प्रकाश, विकास पांडेय, सौरभ उमरवैश्य, संजय चौरसिया, जितेंद्र सिंह, अनुज जायसवाल और सचिन सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

खेत में गयी महिला को जहरीले जंतु ने काटा, भर्ती

पट्टी, प्रतापगढ़। तहसील क्षेत्र के ढिंढुई गांव में रविवार दोपहर खेत में गयी महिला को जहरीले जंतु ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी लेकर पहुंचे, जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, ढिंढुई गांव निवासी सुनीता रविवार दोपहर करीब दो बजे खेत में गयी थीं। इसी दौरान किसी जहरीले जंतु ने उनके पैर में काट लिया। कुछ देर बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजन घबरा गये और आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया।

फर्जी हस्ताक्षर से अनापत्ति प्रमाण पत्र इस्तेमाल करने का आरोप, धमकी पर मुकदमा

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के परसंडा गांव निवासी रमाशंकर तिवारी ने गांव के ही अभिषेक उपाध्याय पर अनापत्ति प्रमाण पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर कर उसका इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

रमाशंकर तिवारी के अनुसार, उन्हें सात सितंबर २०२६ को मामले की जानकारी हुई। आरोप है कि अनापत्ति प्रमाण पत्र मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, प्रतापगढ़ की ओर से जारी किया गया था। इस संबंध में अभिषेक से पूछताछ करने पर विवाद हो गया। पीड़ित का आरोप है कि शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाया गया। इनकार करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। इससे भयभीत पीड़ित ने २४ अक्टूबर को अपने भाई गिरिजाशंकर के साथ पट्टी थाने पहुंचकर प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले में आगे की कारर्वाई शुरू कर दी है।

खेल उत्सव में बच्चों ने दिखाया हुनर, विजेताओं को किया सम्मानित

तरुण चेतना के आयोजन में लूडो, कैरम, बैडमिंटन, दौड़ और क्रिकेट प्रतियोगिताएं हुईं

पट्टी, प्रतापगढ़। तरुण चेतना की ओर से संचालित बाल अधिकार परियोजना के तहत सरदार वल्लभभाई पटेल इंटर कालेज में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों ने उत्साह के साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

खेल उत्सव में लूडो, कैरम बोर्ड, रस्सीकूद, बैडमिंटन, दौड़ और क्रिकेट सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तरुण चेतना के निदेशक नसीम अंसारी ने कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे उनमें अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित होती है। उन्होंने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी सक्रिय रहने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि बहुता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वाहिद अंसारी ने तरुण चेतना के प्रयासों की सराहना की। रूर चौकी प्रभारी अरुण कुमार मौर्य ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। बहुता के प्रधानाध्यापक तीर्थराज वर्मा ने शिक्षा का महत्व बताते हुए नियमित अध्ययन करने की सलाह दी। आयोजन का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, आपसी सहयोग और नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम में हकीम अंसारी, ब्रह्मदेव उपाध्याय, राजेंद्र प्रसाद, हुस्नारा, शकुंतला देवी, लालसा, आराध्य सरोज, रजनीश, नफीस, लक्ष्मी सोनी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उत्सव में सैकड़ों बच्चों, अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने भाग लिया।



बहुता में सम्मानित विजेताओं के साथ तरूण चेतना के नसीम अंसारी एवं अन्य।



जगदीशगढ़ में विजेता टीम को ट्राफी प्रदान करते आयोजक।

फाइनल जीतकर गोंई की टीम बनी कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता

स्टेडियम प्रतापगढ़ की टीम रही उपविजेता

बनीतेरहमील, प्रतापगढ़। बेलखरनाथ धाम ब्लाक के जगदीशगढ़ गांव में शनिवार को आयोजित रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। प्रतियोगिता में प्रयागराज, वाराणसी, आगरा, गोंई, जौनपुर, सुल्तानपुर और प्रतापगढ़ स्टेडियम सहित करीब एक दर्जन टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह ने फीता काटकर किया। इसके बाद विभिन्न टीमों के खिलाड़ियों ने मैदान में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुकाबलों को देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही। रविवार भोर में गोंई और दीपू सिराज स्टेडियम कंपनी, प्रतापगढ़ की टीम के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। रोमांचक मुकाबले में गोंई की टीम ने प्रतापगढ़ स्टेडियम की टीम को हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। आयोजकों की ओर से विजेता गोंई की टीम को ५१ हजार रुपये और उपविजेता प्रतापगढ़ स्टेडियम की टीम को ३१ हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अरमान, मिराज, दीपक सिंह, महेंद्र मिश्र, सलीम, रियाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

खेत में सरसों की फसल जबरन जोतने का आरोप, शिकायत

पट्टी, प्रतापगढ़। कोतवाली क्षेत्र के सांगापट्टी गांव निवासी ललित देवी ने पड़ोसियों पर १५ दिन पहले बोई गयी सरसों की फसल जबरन जोतने और पेड़ों को क्षतिग्रस्त करने का आरोप लगाया है।

पीड़िता ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कारर्वाई की मांग की है।

महिला के अनुसार, उसने करीब १५ दिन पहले अपने खेत में सरसों की बुवाई की थी। आरोप है कि पड़ोसियों ने जबरन फसल जोत दी और कई पेड़ों को भी नुकसान पहुंचाया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी गयी। पीड़िता का कहना है कि वह घर पर अकेली रहती है। आरोप है कि घटना से पहले उसके घर की कुंडी बाहर से बंद कर दी गयी थी, जिससे वह बाहर नहीं निकल सकी। रविवार दोपहर करीब दो बजे महिला पट्टी कोतवाली पहुंची और पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।